By-Email
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 2512 / न्यूज कोटेशन / 98 दिनांक 29/05/26

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सम्भल।

विषयः– जनपद सम्भल के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 28.05.2026) में अमर उजाला में प्रकाशित न्यूज के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (28.05.2026) में प्रकाशित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को WhatsAPP के माध्यम से प्राप्त हुयी है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–

| हैड लाइन | आख्या |
|---|---|
| (1) ओवर हेड टैंक की नींव तक नहीं पड़ी....खोद डालीं गलियां<br><br>(2) गर्मी में 10 दिन से पानी की सप्लाई ठप | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 556 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 860) में 860 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 568 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br><br>➢ 559 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 148 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ जनपद में औसतन 92.87 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br><br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br><br>➢ **देवरखेड़ा पेयजल योजना वि0ख0 बनियाखेड़ा मजरा अशोकनगर** के कार्य M/S NKG-PRIMUS, JV, NEW DELHI द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त योजना 2 जोन में है जिसके जोन 1 में बोरिंग का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण, शिरोपरि जलाशय का कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण, पंप हाउस का कार्य अवशेष, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 45 प्रतिशत पूर्ण तथा रास्तो को पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है। जोन 2 में बोरिंग का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण, शिरोपरि जलाशय का कार्य अवशेष, पंप हाउस का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, बॉउड्रीवाल का कार्य 90 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 25 प्रतिशत पूर्ण तथा रास्तो को |

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

पूर्व में मोटरेवल कर दिया गया है । उक्त योजना पर धनराशि के अभाव में समस्त कार्य बाधित है। योजना पर धनराशि की उपलब्धतानुसार योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी।

- **बुकनाला पेयजल योजना वि0ख0 असमोली** योजना के अन्तर्गत समस्त कार्यों को पूर्व में ही पूर्ण कर दिनांक 23.09.2021 को सम्बन्धित ग्राम पंचायत को हस्तगत कर दी गयी थी। वर्तमान में योजना के अनुरक्षण एवं संचालन हेतु शासन से सूचीबद्ध फर्म M/S OMIL-JWIL (JV),NEW DELHI. द्वारा मरम्मत कार्य की डी0पी0आर0 तैयार कर स्वीकृति हेतु शासन को प्रेषित कर दी गयी है। उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि वर्तमान मे पेयजल योजना पर आंशिक पेयजल आपूर्ति की जा रही है।







उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दी गयी है। माह दिसम्बर 2027 तक धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(चन्द्रहास)

अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।

2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।

3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद सम्भल।

4— जिला सूचना अधिकारी, सम्भल।

5— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।

6— समस्त अनुबन्धित फर्मों को इस निर्देश के साथ कि उक्त पेयजल योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

28/05/20

# ओवरहेड टैंक की नींव तक नहीं पड़ी...खोद डालीं गलियां

## जल जीवन मिशन के तहत बनियाखेड़ा के देवरखेड़ा व मजरा अशोकनगर में बनने थे दो ओवरहेड टैंक, गलियां खुदी होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

संवाद न्यूज एजेंसी

बनियाठेर। बनियाखेड़ा के देवरखेड़ा व उसके मजरा अशोकनगर में जल जीवन मिशन के तहत दो ओवरहेड टैंक का निर्माण होना था, लेकिन उसकी नींव तक नहीं रखी गई है। केवल बाउंड्री कर एक कोठरी बना दी गई है। जबकि पाइप लाइन डालने के लिए गलियां खोदकर मिट्टी डालकर छोड़ दी गई। ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा तो नहीं मिल सकी, गलियों की मरम्मत न होने से समस्या और बढ़ गई।

ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल के लिए मिशन जल शक्ति योजना के तहत ओवरहेड टैंकों के निर्माण के साथ ही पाइप लाइनें डालने का काम शुरू हुआ था, लेकिन अधिकांश गांव ऐसे हैं, जिनमें योजना परवान नहीं चढ़ सकी। कहीं ओवरहेड टैंक नहीं बन पाए तो कहीं नलकूपों का काम अधूरा रह गया। जहां सब काम हो चुके हैं, वहां भी पीने का पानी टोटियों में नहीं आया। पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई गांव की गलियों की वर्षों बाद भी मरम्मत नहीं हो पाने के कारण वाहन ही नहीं पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया है। इन गलियों में नालों और बरसात का पानी जमा होने से हालत और खराब हो जाती है।

गांव के लोगों ने कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की, सड़कों की मरम्मत के लिए कई बार संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत की। हर बार आश्वासन ही मिला, लेकिन समाधान नहीं हो सका है। इसका खामियाजा गांव के गरीब किसानों मजदूरों व गुजरने वाले राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान विद्या राम राणा ने बताया कि इस संबंध में जिलाधिकारी, मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री को लिखित रूप में लेटर पैड पर शिकायत की जा चुकी है, इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



देवरखेड़ा गांव में सालभर पहले पाइपलाइन डालने के लिए सड़कें खोद दी गई थीं। ग्रामीणों को न पानी मिला, और न ही सड़कें ठीक हुईं। आए दिन हादसे होते रहते हैं। - अंतराम राणा




घरों की टोटियों तक पानी की बूंद नहीं पहुंची है। सड़कें भी खोद कर डाल दी गई हैं। पानी भरा रहने के कारण कीचड़ हो रहा है। जिससे बरसात में यह समस्या और भी बढ़ जाती है। - अमरपाल सिंह



गांव में अभी तक ओवरहेड टैंक का निर्माण नहीं हुआ है। सड़कें खोद कर डाल दी हैं, जिससे गड्ढों में गिरने से बाइक सवार और बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। - महेंद्र राणा



एक वर्ष से केवल ओवरहेड टैंक की बाउंड्री वॉल का निर्माण हुआ है। खोदी गई गलियों में जल भराव की समस्या उत्पन्न हो गई है। - दुर्गेश कुमार



यहां बनना है ओवरहेड टैंक। संवाद

बजट के अभाव में देवरखेड़ा गांव में ओवरहेड टैंक निर्माण का कार्य रुका हुआ है। बारी-बारी जो बजट आ रहा है। कार्य कराया जा रहा है। देवरखेड़ा में भी बजट आने पर ओवरहेड टैंक का निर्माण करा कर सप्लाई शुरू करा दी जाएगी। - चंद्रहास, एक्सईएन, जलजीवन मिशन संभल

Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner


28/05/24

# गर्मी में 10 दिन से पानी की सप्लाई ठप

## ग्रामीण परेशान

**मढ़न, संवाददाता।** विकासखंड असमोली के गांव बुकनाला सादात में पिछले दस दिनों से बंद पड़ी सरकारी पानी की टंकी ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच पूरा गांव पेयजल संकट से जूझ रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग अब तक समस्या के समाधान के लिए गंभीर नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल रहे हैं।

ग्रामीणों के मुताबिक गांव की सरकारी पानी की टंकी पिछले सप्ताह खराब हो गई थी। जिसके बाद से पूरे गांव की जलापूर्ति ठप पड़ी है। कई परिवारों के घरों में निजी नल तक नहीं हैं, जबकि जिन घरों में समरसेबल लगे हैं। वे भी लगातार बिजली कटौती और लो वोल्टेज के कारण बंद पड़े हैं। ऐसे में लोगों को पीने तक का साफ और ठंडा पानी नसीब नहीं हो पा रहा। ग्रामीणों का कहना है कि ईद का त्योहार नजदीक है और ऐसे समय में पानी जैसी मूलभूत सुविधा ठप होना प्रशासनिक लापरवाही का बड़ा उदाहरण है।



असमोली के गांव बुकनाला में बंद पड़ी पानी की टंकी। • हिन्दुस्तान



असमोली के गांव बुकनाला में बुधवार को सूखी टंकी को दिखाता ग्रामीण।

### कर्मचारी पर भी लापरवाही का आरोप लगाया

ग्रामीणों ने पानी की टंकी की देखरेख करने वाले कर्मचारी पर भी लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि टंकी परिसर में पशु बांधे जाते हैं। जिससे वहां गंदगी फैली रहती है। जल निगम के एक अधिकारी ने फोन के माध्यम से बात करने पर बताया कि मोटर का बाल खराब हो गया था। ग्राम प्रधान भी फोन कर रहे हैं। आज बाल सही करा दिया जाएगा। गांव में पानी की सप्लाई पहुंच जाएगी। एडीओ पंचायत सुनील कुमार ने बताया कि इस विषय मे कई बार जल निगम से शिकायत कर चुके हैं। मगर वह सुनने को तैयार नहीं है।

Scanned with CamScanner